30% localisation: Tough road for Apple

SURAJEET DAS GUPTA
New Delhi, 14 June

India has hit a domestic value addition (DVA) of an average 20 per cent in mobile phones under the production-linked incentive (PLI) scheme, the government announced for the first time on Tuesday. Its aim, based on commitments made, is to hit 35-40 per cent by the financial year ending March 31, 2026 (FY26), which is the last year of the PLI scheme, or double the present.

A striking feature of the figure is that Apple, which began operations in India only 22 months ago, accounted for 50 per cent of India's $11-billion smartphone exports. Under the PLI scheme, its vendors need to reach 29-30 per cent DVA – up from the current 15 per cent, though it varies from model to model — and that might not be easy to achieve, say experts.

Apple's vendors have localised chargers, batteries, printed circuit board assembly (or PCBAs), enclosures, and coils, to name a few.

According to BofA Research estimates (which are endorsed by vendors), around 70 per cent of an iPhone's cost comes from the memory, processor, display and camera module, and these have to be imported, so localising even further may take longer than the PLI deadline.

An Apple spokesperson did not respond to queries on the article.

The reason why localisation takes time is because it requires large capital investments, manufacturing is a complex process, and high-end technology and input reliability is required, according to BofA Research.



Source: BofA Research

Alternatively, Apple's vendors — Foxconn, Pegatron and Wistron — could simply bring in their global supply chain, most of which is in China, and come and manufacture in India and consequently increase the value addition.

But such a scenario is unlikely after India imposed restrictions under its foreign direct investment (FDI) policy, which made it difficult for Apple's vendors to get permission owing to the geopolitical tensions between the two countries following border skirmishes.

As a result, Apple is focusing on home-grown companies to be part of the supply chain, say analysts, and cite the example of the Tatas who are in talks with Apple. But this too takes time as most Indian companies (even those who have the money) will require support from the government, or a separate PLI scheme for components. Without the technology, the DVA will be slower. Sources in the government say that Apple is in talks with a host of Indian companies to build a home-grown supply chain. Take the Tatas. They already provide the mechanical parts for iPhones and even export to China. But it took 3-4 years and substantial investments for the group to reach that stage.

The Centre recently relaxed its rules on disallowing Chinese companies to come to India, which was specifically focused on mobile device makers. But most mobile companies say the concession has not made much of a difference.

The Centre asked Apple to provide a list of Chinese vendors that would like to come to India but with one caveat — they will have to enter into a joint venture (JV) with an Indian partner holding a majority stake. A dozen such companies were cleared for the next stage, namely to find a JV partner and then apply for FDI.

'Number of 5G users may jump over 2,000% in 5 yrs'

The number of 5G subscribers in India is expected to jump 2,125 per cent to 690 million by the end of 2028 from 31 million in 2022, a report released by TeamLease Services on Wednesday showed. This will further push the coverage of mobile subscriptions in the country from 77 per cent in 2022 to 94 per cent in 2028. Global 5G mobile subscriptions are expected to reach five billion by the end of 2028.
RAGHAV AGGARWAL

Kesoram hopes to be back in black in next 18 months

ISHITA AYAN DUTT
Kolkata, 14 June

Kesoram Industries, a B K Birla group company, is working on a two-pronged strategy to return to profitability in the next 18 months.

The two key elements for strengthening the balance sheet are scaling up blended cement and refinancing debt, P Radhakrishnan, whole-time director and chief executive officer (CEO) of Kesoram said during an interaction after the company's annual general meeting on Wednesday.

In FY23, Kesoram posted a net loss of ₹115.67 crore on a standalone basis. Total income stood at ₹3,603.93 crore. In FY22, net loss was at ₹130.01 crore.

The company achieved sales volume of more than 7 million tonnes (mt) in FY23. The share of blended cement sales was at 54 per cent. This year, the plan was to increase the share of blended cement to 60 per cent and eventually take it to 80 per cent, Radhakrishnan said.

Ebitda for FY23 was at ₹371.22 crore but the finance cost was higher at ₹422.78 crore. Kesoram's total debt was around ₹1,700 crore.

Radhakrishnan said that the focus would be to improve operations, which would lead to lower interest rates.

Renault eyes next million cars by '30 on EV push, new models

Nissan and Renault SA have lined up ₹5,300 crore to launch six models

SHINE JACOB
Chennai, 14 June

French automotive (auto) major Renault rolled out its 1 millionth vehicle in India on Wednesday and set an ambitious target of producing over 2 million cars by 2030, driven by launches and its planned electric vehicle (EV) foray, said Venkatram Mamillapalle, chief executive officer and managing director, Renault India Operations.

The company is currently working on a raft of new models, including two internal combustion engine products and an A-segment EV, which will roll out in 2025.

The plan is to have all its products in the 4-meter range. Renault India cars are at present manufactured at its Oragadam plant in Chennai, with a capacity of 480,000 units per annum.

Nissan Motor Corporation and Renault SA, the automakers that revamped their global alliance in February, have already lined up plans to invest ₹5,300 crore in India to launch six models, including two EVs. This is expected to give employment to an additional 2,000 people. The two companies said that each would manufacture three new models on the joint platform while retaining the individual, distinctive styling of the respective brands.

"We would like to increase our profit by 2030 and achieve the 2 million mark by then," said Mamillapalle on Wednesday.

Currently, Renault India offers three passenger vehicle models, including the popular Kwid, the Kiger and the Triber for its customers in India and exports to 14 countries, including South Africa, South Asian Association for Regional Cooperation, Asia Pacific, Indian Oceanic Region, and the East Africa region. The majority of its export business comes from South Africa.

"Achieving the production of 1 million vehicles in India is a significant milestone for Renault. It demonstrates our unwavering commitment to the Indian market and showcases the trust our customers have placed in us. We are deeply grateful to our customers, dealer partners, employees, and all stakeholders who have contributed to this remarkable journey. We will continue to strive for excellence and introduce exciting products that exceed customer expectations," added Mamillapalle.

During the past year, Renault produced about 84,000 vehicles and exported 28,000. It expects it to be around the same lines in 2023 as well. At present, the company's localisation level is about 92 per cent.

Talking about the call by Union Minister of Road Transport and Highways Nitin Gadkari asking manufacturers to be ready with flex-fuel vehicles or E85 (85 per cent ethanol), Mamillapalle said that his company is ready for any transition that the Indian market and the government are targeting. The company believes it will be easy for it to adapt to E85 as it already has several such flex-fuel models in Brazil.

"The E10 is already in the market. The E20 is to be adapted and will be well-occupied across the country by the end of 2024. It will reduce the imports of crude oil. We also have to progress towards E85. EV and E85 have to grow together. Indications are that by 2027, we will have E85. Refineries have to be equipped as well," he added. He said that the market will continue to have A-segment cars like the Kwid and will not 'vanish' when asked about the shrinking market size.

"It has a market size of 25,000-30,000 vehicles per month and is occupied by three models currently. The segment will not vanish since it is intrinsic to the gradual upgrade for a customer from two-wheelers to four-wheelers," he added.

The Renault-Nissan plant, one of the alliance's leading centres for energy and resource reduction, had also announced its road map to carbon neutrality. This will be achieved by 2045, through an ongoing programme to transition to 100 per cent renewable energy, while reducing energy consumption at the plant by 50 per cent compared to today. The Chennai plant sources more than 50 per cent of its electricity from renewables.

ON FLEX FUEL VEHICLES

"THE COMPANY IS READY FOR ANY TRANSITION THAT THE INDIAN MARKET AND THE GOVERNMENT ARE TARGETING"

VENKATRAM MAMILLAPALLE
CEO & MD, Renault India Operations

IN TOP GEAR

Renault India production milestones

2013 100,000 (117,072 units)
2018 500,000 (583,389 units)
June 2023: 1 million

Source: Company

Volvo India flags supply snags as hurdle to record sales

PRESS TRUST OF INDIA
Gurugram, 14 June

Swedish luxury carmaker Volvo Cars said it could have crossed record sales this year on the basis of expected demand but supply side constraints were an issue.

Volvo Car India Managing Director Jyoti Malhotra said on Wednesday that he expected electric cars to play a significant role in its bid to close in on record sales in India this year.

The company unveiled its all-electric SUV C40 Recharge in India, which will be launched in August and deliveries to start September onwards.

The vehicle will be the company's second electric offering in India after its fully-electric XC40 Recharge launched last year.

"2023 has started on a very promising note and we believe that we will do much better this year as compared to the last few years. Since the pandemic I think the market was a bit slow and then we had supply issues. Supply issue is still around us but I believe that we should go back close to the 2018 number which was our peak," Malhotra said.

In 2018, the company had sold 2,600 units. Last year it sold about 1,800 units in the domestic market.

खबरों में रहे स्टॉक

रामकृष्ण फोर्जिंग्स

यूरोपीय रेलवे यात्री कोच विनिर्माता से 45 लाख यूरो का ऑर्डर हासिल किया
₹ 411.6 पिछला बंद भाव
₹ 420.5 आज का बंद भाव
2.2 % ▲

इप्का लैबोरेटरीज

यूएसएफडीए ने मध्य प्रदेश के रतलाम में विनिर्माण इकाई के लिए 11 ऑब्जर्वेशन जारी किए
₹ 734.9 पिछला बंद भाव
₹ 716.0 आज का बंद भाव
-2.6 % ▼

ग्रैन्युल्स इंडिया

लेवेटिरासेटम टैबलेट के लिए एएनडीए से मंजूरी मिली
₹ 285.6 पिछला बंद भाव
₹ 287.1 आज का बंद भाव
0.5 % ▲

न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट्स

उधार सेवाओं के डिजिटल परिवर्तन के लिए महिंद्रा फाइनेंस से ठेका मिला
₹ 1,115.3 पिछला बंद भाव
₹ 1,127.3 आज का बंद भाव
1.1 % ▲

हेरंबा इंडस्ट्रीज

जीपीसीबी ने वापी के जीआईडीसी में स्थित संयंत्र बंद करने का आदेश रद्द किया
₹ 356.0 पिछला बंद भाव
₹ 401.4 आज का बंद भाव
12.8 % ▲

संक्षेप में

फोर्टिस हेल्थकेयर मामले में चार फर्मों को नोटिस

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने फोर्टिस हेल्थकेयर में पैसे की हेराफेरी और इसे छिपाने के लिए गलतबयानी के मामले में चार कंपनियों को 15 दिन के अंदर 4.56 करोड़ रुपये जमा करने का नोटिस भेजा है। बाजार नियामक सेबी ने फोर्टिस ग्लोबल हेल्थकेयर, आरएचसी फाइनेंस, शिमल हेल्थकेयर और एएनआर सिक्योरिटीज को नोटिस भेजने के साथ ही कहा है कि तय समय के अंदर रुपये जमा नहीं होने पर इन कंपनियों की संपत्तियां जब्त कर ली जाएंगी। *भाषा*

सोना 430 रुपये लुढ़का चांदी 620 रुपये टूटी

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 430 रुपये गिरकर 60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। दिल्ली में चांदी की कीमत भी 620 रुपये लुढ़ककर 73,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। *भाषा*

मोबाइल में पीएलआई के तहत

घरेलू मूल्य वृद्धि 20 प्रतिशत

सुरजीत दास गुप्ता
नई दिल्ली, 14 जून

पहली बार सरकार ने औपचारिक तौर पर इसकी घोषणा की है कि भारत ने उत्पादन-आधारित रियायत योजना (पीएलआई) के तहत मोबाइल फोन सेगमेंट में 20 प्रतिशत की औसत घरेलू मूल्य वृद्धि (डीवीए) दर्ज की है। सरकार का मकसद वित्त वर्ष 2026 तक यह आंकड़ा 35-40 प्रतिशत पर पहुंचाना है।

भारत में सिर्फ 22 महीने पहले परिचालन शुरू करने वाली ऐपल का भारत के 11 अरब डॉलर के स्मार्टफोन निर्यात में 50 प्रतिशत योगदान है। पीएलआई के तहत, उसके विक्रेताओं को 29-30 प्रतिशत डीवीए तक पहुंचने की जरूरत होगी, जो मौजूदा 15 प्रतिशत से करीब दोगुना है, हालांकि यह मोबाइल के अलग अलग मॉडल पर निर्भर है और इसे हासिल करना आसान नहीं हो सकता है।

■ सरकार वित्त वर्ष 2026 तक मूल्य वृद्धि का आंकड़ा 35-40 प्रतिशत पर पहुंचाना चाहती है

■ ऐपल घरेलू तौर पर आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने के लिए भारतीय कंपनियों से कर रही बात

ऐपल के विक्रेताओं ने स्थानीय तौर पर चार्जर, बैटरियों, प सि बि ए, एनक्लोजर, और कॉइल की पेशकश की है।

बोफा रिसर्च द्वारा जताए गए अनुमानों के अनुसार, करीब 70 प्रतिशत आईफोन लागत मेमोरी, प्रोसेसर, डिस्प्ले और कैमरा मॉड्यूल से जुड़ी होती है और इन्हें आयात करना पड़ता है, इसलिए स्थानीयकरण में पीएलआई समय-सीमा से अधिक समय लग सकता है।

ऐपल के एक अधिकारी ने इस बारे में पूछे गए सवालों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

बोफा रिसर्च के अनुसार, स्थानीयकरण में समय इसलिए लगता है, क्योंकि इसमें ज्यादा पूंजीगत निवेश की जरूरत होती है और निर्माण करना चुनौतीपूर्ण होता है।

वैकल्पिक तौर पर, ऐपल के विक्रेता- फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और विस्ट्रॉन - अपनी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की मदद ले सकते हैं जिनमें से ज्यादातर चीन में हैं, और भारत में निर्माण पर जोर देंगे और इसके परिणामस्वरूप डीवीए में इजाफा हो सकता है।

लेकिन भारत द्वारा अपनी विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नीति में सख्ती के बाद इसकी आशंका नहीं है। एफडीआई नीति में बदलाव से ऐपल के विक्रेताओं को सीमा पर तनाव पैदा होने के बाद दोनों देशों के बीच भू-राजनीतिक टकराव की वजह से अनुमति पाना मुश्किल हो गया।

विश्लेषकों का कहना है कि इसकी वजह से, ऐपल घरेलू कंपनियों को आपूर्ति श्रृंखला में शामिल करने पर ध्यान दे रही है। विश्लेषक इसके लिए टाटा समूह का उदाहरण दे रहे हैं, जो ऐपल के साथ बातचीत कर रहा है। लेकिन इसमें भी समय लग रहा है, क्योंकि कई भारतीय कंपनियों (वे भी, जिनके पास पूंजी उपलब्ध है) को सरकार से समर्थन या कलपुर्जों के लिए अलग पीएलआई योजना से मदद की जरूरत होगी। प्रौद्योगिकी के बगैर, डीवीए की रफ्तार धीमी रहेगी।

सरकारी अधिकारियों का कहना है कि ऐपल घरेलू तौर पर आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने के लिए कई भारतीय कंपनियों से बातचीत कर रही है। टाटा समूह ऐसी कंपनियों में शामिल है। वह आईफोन के लिए मैकेनिकल पुर्जे पहले से ही मुहैया करा रहा है और चीन को निर्यात भी कर रहा है। लेकिन इसमें 3-4 साल का वक्त लगा और बड़ा निवेश करना पड़ा।

रेनो ने किया 10 लाख कारों का उत्पादन

शाइन जैकब
चेन्नई, 14 जून

2030 तक 20 लाख के स्तर तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया

फ्रांस की दिग्गज वाहन कंपनी रेनो भारत में 10 लाख वाहनों का उत्पादन करने नए शिखर पर पहुंच गई है और उसने वर्ष 2030 तक 20 लाख के स्तर तक पहुंचने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। रेनो इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

वर्तमान में कंपनी नए मॉडलों पर काम कर रही है, जिसमें तेल-गैस इंजन वाले दो वाहन तथा ए श्रेणी (छोटी कार) वाला इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) शामिल है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2025 से हो जाएगी। योजना यह है कि आगे चलकर अपने सभी वाहनों को चार मीटर वाले दायरे में लाया जाए। फिलहाल रेनो इंडिया की कारों का विनिर्माण चेन्नई के ओरगडम के विनिर्माण संयंत्र में किया जाता है, जिसकी सालाना क्षमता 4,80,000 वाहन है।

रेनो इंडिया के मुख्य कार्याधिकारी एवं प्रबंध निदेशक वेंकटराम ममिलापल्ले ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि हम इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में उतर रहे हैं। हम चार मीटर से लंबे वाहन वाले खंड में भी उतर रहे हैं। हमारे पास भारत में पहले से ही क्विड, काइगर और ट्राइबर जैसी कारें हैं।

उन्होंने कहा रेनो के लिए वृद्धि का रुझान लगातार अच्छा रहा है। मुझे लगता है कि नए उत्पादों के साथ हम (लाभ के मामले में) और अच्छा करेंगे। ममिलापल्ले ने निसान के साथ साझेदारी में विकसित होने वाले मॉडल के बारे में पूछे जाने पर कहा कि नए उत्पाद के वर्ष 2025 में बाजार में आने की संभावना है और वह चार मीटर से लंबे वाहन खंड में होगा।

भारत में कुल वाहन बिक्री पर ममिलापल्ले ने कहा कि रेनो ने घरेलू बाजार में पिछले वर्ष रिकॉर्ड 84,000 वाहन बेचे थे जबकि 28,000 वाहनों का निर्यात किया गया था। उन्होंने कहा कि कंपनी के तमिलनाडु स्थित संयंत्र ने 10 लाख वाहनों के उत्पादन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है।

कंपनी ने गत फरवरी में अपनी साझेदार निसान के जरिये 5,300 करोड़ रुपये के नए निवेश की घोषणा की थी।

केसोराम को 18 महीने में लाभ में आने की उम्मीद

ईशिता आयान दत्त
कोलकाता, 14 जून

बीके बिड़ला समूह की कंपनी केसोराम इंडस्ट्रीज अगले 18 महीने में लाभ में आने की खातिर दो तरह की रणनीति पर काम कर रही है।

कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को आयोजित कंपनी की सालाना आम बैठक के बाद बातचीत में कहा, बैलेंस शीट को मजबूती के लिए दो अहम चीज ब्लेंडेड सीमेंट में इजाफा और पुराने कर्ज के बदले नया कर्ज लेना है।

वित्त वर्ष 23 में केसोराम ने एकल आधार पर 115.67 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान दर्ज किया। कंपनी की कुल आय 3,603.93 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 22 में शुद्ध नुकसान 130.01 करोड़ रुपये रहा था। वित्त वर्ष 23 में कंपनी ने 70 लाख टन से ज्यादा का आंकड़ा हासिल किया।

ऋणदाताओं ने बैजूस से कहा ...

विवाद सुलझाने को तैयार लेकिन बैठक गवारा नहीं

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 14 जून

बैजूस के ऋणदाताओं के एक समूह ने एडटेक क्षेत्र की इस दिग्गज से कहा है कि वे मुकदमेबाजी और अन्य विवादों को सुलझाने के लिए कंपनी के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं। हालांकि उन्होंने बैजूस से कहा है कि वे फर्म की आमने-सामने की बैठक की पेशकश में शामिल नहीं होंगे। इस मामले से अवगत सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

बैजूस ने हाल ही में अमेरिका की निवेश प्रबंधन फर्म रेडवुड के खिलाफ मुकदमा 1.2 अरब डॉलर के टर्म लोन बी (टीएलबी) की भुगतान वसूली में तेजी को चुनौती देने के लिए मुकदमा दायर किया है और ऋणदाता को उसकी 'रणनीति' के लिए अयोग्य ठहराया है। बैजूस ने इस ऋण पर करीब चार करोड़ डॉलर का ब्याज भी नहीं चुकाया है।

मामले से वाकिफ सूत्रों के अनुसार ऋणदाता चाहते हैं कि बैजूस समूह को मसौदा संशोधन प्रस्ताव भेजे। फर्म द्वारा लेनदारों के साथ सोमवार को होने वाली बैठक रद्द करने के बाद ऐसा हुआ है।

इस घटनाक्रम की सबसे पहले खबर ब्लूमबर्ग ने दी थी कि ऋणदाता बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन आमने-सामने की बैठकों के फर्म के प्रस्ताव में शामिल नहीं होंगे।

इससे पहले बैजूस ने अपने ऋण पर ब्याज भुगतान में चूक करने के बाद ऋणदाताओं के समूह से संपर्क किया था। ब्लूमबर्ग के अनुसार कंपनी ने संशोधन प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए सोमवार को उधारदाताओं से बात करनी थी। इससे पहले प्रस्ताव का विवरण साझा किए जाने की उम्मीद थी।

अनौपचारिक ऋणदाताओं का एक समूह, जो सामूहिक रूप से बैजूस के 1.2 अरब डॉलर के टर्म लोन के 85 प्रतिशत से अधिक भाग का मालिक है, ने कहा कि एडटेक फर्म द्वारा अमेरिका की अदालत में दायर हालिया मुकदमा निराधार है।

ऋणदाताओं ने एक बयान में कहा है ऋणदाताओं के टर्म लोन के खिलाफ बैजूस का निराधार मुकदमा अपनी जिम्मेदारियों से बचने की कोशिश है, जिसमें अनुबंधात्मक आवश्यक भुगतान करना शामिल है।

उनका कहना है कि ऋणदाताओं के समूह, जिसमें 21 वैश्विक संस्थागत निवेशक भी शामिल हैं, ने ऋण चूक की समस्या से निपटने के लिए पिछले 9 महीनों के दौरान कंपनी के साथ मिलकर काम किया है और आगे भी सद्भाव में यह सहयोग बरकरार रहेगा।

लीथियम रॉयल्टी एलएमई की 3 प्रतिशत दर पर!

रॉयटर्स
नई दिल्ली, 14 जून

केंद्र सरकार लीथियम खनन के लिए रॉयल्टी की दर तय करने की योजना बना रही है। इसके लिए खनन कंपनियों को लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) पर प्रचलित कीमतों की तीन प्रतिशत दर पर इसका भुगतान करना होगा। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

भारत इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली महत्वपूर्ण कच्ची सामग्री लीथियम की सुरक्षित आपूर्ति के तरीके खोज रहा है। फरवरी में जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में भारत का पहला लीथियम भंडार पाया गया था।

उम्मीद है कि सरकार 59 लाख टन के अनुमानित भंडार वाले इन लीथियम ब्लॉकों की नीलामी इस साल के अंत में करेगी।

सूत्रों ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि अदाणी एंटरप्राइजेज, वेदांत लिमिटेड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, जिंदल स्टील ऐंड पावर लिमिटेड, हिमाद्रि केमिकल्स और कोरिया की एलएक्स इंटरनैशनल जैसी कम से कम एक दर्जन भारतीय और विदेशी कंपनियां इस नीलामी में हिस्सा ले सकती हैं।

उन्होंने कहा कि इस बात के आसार हैं कि मंत्रिमंडल लीथियम खनन के लिए रॉयल्टी की दर एलएमई पर प्रचलित दरों के तीन प्रतिशत स्तर पर तय करने के प्रस्ताव पर विचार करेगा। खान मंत्रालय ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया।

सूत्रों ने कहा कि जम्मू और कश्मीर के स्थानीय प्रशासन को भुगतान की जानी वाली रॉयल्टी की दर देश के पहले लीथियम ब्लॉक की नीलामी की दिशा में बड़ा कदम होगी। भारत का केंद्रीय खान मंत्रालय रॉयल्टी की दरों को तय करता है, लेकिन राजस्व राज्य सरकारों या संघ शासित प्रदेशों को मिलता है।

सूत्रों ने कहा कि इससे पहले भारत ने बॉक्साइट खनन के लिए रॉयल्टी की दर तय करने के लिए बेंचमार्क एलएमई का इस्तेमाल किया है।

एक सूत्र ने कहा कि हमने लीथियम खनन करने वाले अन्य देशों में रॉयल्टी दरों का अध्ययन किया है। ऑस्ट्रेलिया में भी रॉयल्टी दर एलएमई के तीन प्रतिशत स्तर पर है और यह अर्जेंटीना, बोलीविया तथा चिली में एलएमई के 4.5 प्रतिशत स्तर पर है, जिसे लीथियम का त्रिकोण कहा जाता है।

दिल्ली संस्करण : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ.प्र. से मुद्रित एवं नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नईदिल्ली से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. DELHIN/2008/27804 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं